पत्रांक- 2024 / कार्य-7 (JJM) / 211 दिनांक 25/7/2024

# जिलाधिकारी महोदया, की अध्यक्षता में दिनांक 04.07.2024 को पूर्वाहन 04:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यो से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 95/छियत्तर-1-2020-20 सजल/2010 टी०सी०-अ दिनांक 21.01.2020 एवं शासनादेश संख्या- 190/छियत्तर-1-2020-20 25राम/2019 दिनांक 24.01.2019 के क्रम में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अमेठी में प्रस्तावित ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा से सम्बन्धित बैठक जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 04.07.2024 को पूर्वाहन 04.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. सुश्री निशा अनंत, जिलाधिकारी महोदया अमेठी।
2. श्री सूरज पटेल, मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमेठी।
3. श्री अनिल कुमार राव, अधिशासी अभियन्ता,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),अमेठी।
4. श्री डी0पी0 गौतम, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
5. श्री सीताराम गुप्त, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
6. श्री एस0आर0के0 शुक्ला, प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
7. श्री फणेन्द्र राव, कांस्ट्रक्शन मैनेजर, मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
8. श्री राजीव श्रीवास्तव, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
9. श्री अविनाश यादव, डी0पी0एम0, मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/हेल्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0
10. श्री वेनकन्ना पी0एम0, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स-माजा प्रा0लि0।
11. श्री अजयराज सिंह, पी0एम0 मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स-माजा प्रा0लि0/हेल्दी कान्स्ट्रक्शन प्रा0लि0
12. श्री उमाशंकर पाठक, आई0एस0ए0 कोऑर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।

श्री अनिल कुमार राव, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमेठी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद मे जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2 के अन्तर्गत प्रस्तावित पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य जनपद में अनुबन्धित फर्म नामतः मे0 वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई को 240 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 133 नग ग्रामीण पेयजल योजनाये का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0 हैदराबाद को पूर्व से निर्मित 37 नग पुनर्गठन पेयजल योजनाओं को सम्मिलित करते हुये 302 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 160 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का कार्य कराया जा रहा है।

"जल जीवन मिशन" कार्यक्रम फेज-3 के लिये नामित फर्म मेसर्स विन्ध्या टेली-लिंक्स लि0-माजा इजी0 प्रा0लि0 नोएडा (जे0वी0) को 402 नग राजस्व ग्रामो के सापेक्ष 194 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

कार्यवाही अधि0अभि0 जल निगम/मे0वेलस्पन प्रा0लि0/ मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/मे0 विन्ध्या टेली लिंक्स, प्रा0लि0

1. स्वीकृत योजनाओ पर कार्य की स्थिति :-

नामित फर्मो द्वारा समस्त ग्रामो की डी0पी0आर0 तैयार कर शासन को प्रेषित की जा चुकी है एवं योजनाये शासन स्तर से स्वीकृति हो चुकी है। जिसका विवरण निम्नवत् है।

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | आंवटित ग्रामों की संख्या | शासन को प्रेषित डी0पी0आर0 की संख्या | शासन स्तर से स्वीकृति डी0पी0आर0/योजनाओ की संख्या | कार्य प्रारम्भ की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 240 | 133 | 133 | 133 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 302 | 160 | 160 | 160 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या-माजा | 402 | 194 | 194 | 194 |
| | कुल योग | 944 | 487 | 487 | 487 |



Scanned with OKEN Scanner

इस प्रकार स्वीकृति 487 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 487 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

कार्यवाही अधि0अभि0 जल निगम / मे0वेलस्पन प्रा0लि0 / मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0 / मे0 विन्ध्या टेली लिंक्स, प्रा0लि0

3- निर्माणाधीन योजनाओं में उच्च जलाशय की स्थिति

निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओ मे उच्च जलाशय निर्माण के का कार्य प्रगति पर है। जिसकी प्रगति निम्नवत् है--

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | प्रस्तावित उच्च जलाशय की संख्या | उच्च जलाशय में कार्य प्रारम्भ की संख्या | पूर्ण उच्च जलाशय की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 133 | 130 | 12 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 165 | 165 | 14 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 194 | 194 | 32 |
| | कुल योग | 492 | 489 | 58 |

इस प्रकार उच्च जलाशय की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी। जिलाधिकारी महोदया द्वारा प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देश दिये गये एवं समस्त एजेन्सियों से जुलाई–2024 तक उच्च जलाशय पूर्ण किये जाने हेतु लक्ष्य निम्नानुसार निर्धारित किये गये–

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | माह जुलाई–2024 तक पूर्ण किये जाने वाले उच्च जलाशय की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 68 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 80 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या--गाजा | 66 |
| | कुल योग | 214 |

उक्त लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रत्येक एजेन्सी को लेबर बढ़ाने के निर्देश दिये गये है। जिसका अनुश्रवण प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाय।

**4--निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में तोड़ी गयी रोड / खंड़जे की पुर्नस्थापना की स्थिति:–**

निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड / खंड़जे की पुर्नस्थापना का कार्य संतोषजनक नहीं है। फर्मो द्वारा तोड़ी गयी रोड / खंड़जों की पुनर्स्थापना का विवरण निम्नानुसार है--

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | कुल बिछायी गयी पाइपलाइन (किमी0) | पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड / खंड़जा (किमी0) | पुर्नस्थापना की गयी रोड / खंड़जा (किमी0) | अवशेष रोड / खंड़जा पुर्नस्थापना (किमी0) | पुर्नस्थापना की गयी रोड / खंड़जा प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 1556.00 | 295.00 | 277.00 | 18.00 | 93.90 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 3823.00 | 1796.00 | 1670.00 | 126.00 | 92.98 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या गाजा | 3242.00 | 1472.00 | 1392.00 | 80.00 | 94.57 |
| | कुल योग | 8621.00 | 3563.00 | 3339.00 | 224.00 | 93.71 |

तोड़ी गयी रोड / खड़ंजा की पुर्नस्थापना का कार्य धीमा होने के कारण जन सामान्य एव जन प्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है। जिसे गुणवत्तापूर्वक किया जाना अति आवश्यक है। निर्देश दिये गये कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड / खंडजों की पुर्नस्थापना शीघ्र की जाय। जिससे किसी प्रकार की असुविधा जन सामान्य को न हो।

- जिलाधिकारी महोदया द्वारा जनपद मे समस्त ऑगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों में शत प्रतिशत क्रियाशील जल संयोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है, जिस हेतु सहायक अभियन्ता स्तर के अधिकारी को नोडल नामित करते हुये यथशीघ्र समस्त ऑगनवाड़ी एव प्राथमिक विद्यालयों मे शत प्रतिशत जल संयोजन की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



Scanned with OKEN Scanner

- जिलाधिकारी महोदया द्वारा तीनो फर्मों क्रमशः मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई, मेसर्स गायत्री–रैम्की प्रा0लि0/हेत्वी एवं मे0 वी0टी0एल0–गाजा प्रा0लि0/ हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0 को निर्देश दिये गये कि शेष पाइपलाइन माह जुलाई–2024 तक पूर्ण कर ली जाय एवं माइक्रोप्लान तैयार कर दैनिक अनुश्रवण किया जाय। पाइपलाइन बिछाने के दौरान मेसर्स गायत्री–रैम्की प्रा0लि0/हेत्वी के द्वारा 126 किमी0 एवं मे0 वी0टी0एल0- गाजा प्रा0लि0/ हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0 के द्वारा 80 किमी0 तोड़ी गयी रोड/खड़जा के पुर्नस्थापना का कार्य नही कराया जा सका है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा उक्त पर रोष व्यक्त करते हुये निर्देश दिये गये कि वर्षा ऋतु को देखते हुये रोड/खड़जा की पुर्नस्थापना का कार्य यथा शीघ्र पूर्ण कराया जाय। उक्त कार्य शिथिलता के कारण यदि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो अनुबन्धित फर्म के साथ–साथ क्षेत्र के सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
- जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खड़जा का तहसीलवार/विकास खण्डवार/ग्राम पंचायतवार विवरण तैयार कर उपलब्ध करायें तथा उसकी एक प्रति अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय एवं पुर्नस्थापना का कार्य मानक अनुसार पूर्ण कराया जाय।
- जिलाधिकारी महोदया द्वारा टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु सामग्री की टेस्टिंग एवं फील्ड स्तर पर निरीक्षण करते हुये समुचित कार्यवाही की जाय।
- जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि अनुबन्धित फर्मों द्वारा अपने कार्यो को पूर्ण कराने हेतु सबलेट फर्मों को कार्य का आवंटन किया गया है। सबलेट फर्मो से सम्बन्धित विवरण (फर्म का नाम, मोबाइल नं0 एवं आवंटित कार्य) उपलब्ध कराया जाय। साथ–साथ ही समस्त योजनाओं पर साइन बोर्ड (योजना का नाम, योजना की लागत, सम्बन्धित सहायक अभियन्ता का नाम व मो0 नं0, फर्म का नाम)
- जिलाधिकारी महोदया, द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रत्येक ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर सुरक्षा किट (हेल्मेट, बेल्ट, सेफ्टीनेट इत्यादि) उपलब्ध कराना एवं श्रमिकों द्वारा प्रयोग में लाया जाना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदया द्वारा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 अमेठी को निर्देश दिये गया कि आई0एस0ए0 से सम्बन्धित समस्त गतिविधियों का अनुश्रवण दैनिक करते हुये सत्यापन कराया जाय।

**कार्यवाही मु0वि0अधिकारी/अधि0अभि0 जल निगम/मे0वेलस्पन प्रा0लि0/मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/डी0पी0एम0यू0/टी0पी0आई0/आई0एस0ए0**

25/07/2024

(अनिल कुमार राय)
अधिशासी अभियन्ता

<u>कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),अमेठी</u>

प0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. मण्डलायुक्त महोदय, मण्डल अयोध्या।
3. जिलाधिकारी महोदया अमेठी।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
5. श्री राजीव श्रीवास्तव, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
6. श्री सीताराम गुप्त, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
7. श्री अनन्त कृष्णा, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
8. श्री अविनाष यादव, डी0पी0एम0, मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0।
9. श्री अजय राज सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 वी0टी0एल0- गाजा प्रा0लि0/ हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner